__/__/__

Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -                                   Class - V
Subject - Hindi Language                Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

मुहावरे (अंग-अंग ढीला होना से दाँत खट्टे करना)

सुप्रभात प्यारे बच्चो!
यह पाठ मुहावरे कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 18 अक्तूबर, 2021 को भेजा जारहा।

बच्चो! आज हम इस पाठ में 'मुहावरे' पढ़ेंगे। सभी बच्चे इस पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे।

बच्चो! मुहावरे वाक्य का ऐसा अंश होते हैं, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करता है, उसे हम मुहावरा कहते हैं। मुहावरे का वाक्य में विशेष अर्थ होता है; जैसे - 'हवा से बातें करना' एक मुहावरा है जिसका शाब्दिक अर्थ है 'हवा से बातचीत करना', किन्तु इसका वास्तविक अर्थ है 'बहुत तेज दौड़ना।'

मुहावरे अपने विशेष अर्थ के कारण भाषा को प्रभावशाली बनाते हैं।

इस प्रकार बच्चो!
ऐसे वाक्यांश जो विशेष अर्थ देते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

जैसे :-
दुम दबाकर भागना मुहावरे का अर्थ है डरकर भागना।
ढिंढोरा पीटना - प्रचार करना
आँख लगाना - नींद आ जाना

__/__/__

Date-                                    Class - V
Subject - Hindi Language                 Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

नाक में दम करना - बहुत परेशान करना
आग बबूला होना - बहुत गुस्सा करना

इस प्रकार मुहावरे स्वतंत्र वाक्य नहीं होते हैं। ये ऐसे वाक्यांश होते हैं, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ प्रकट करते हैं।
बच्चो ! आज हम कुछ मुहावरे करेंगे, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

1. अंग - अंग ढीला होना (बहुत थक जाना)

सारा दिन काम करके शाम तक मज़दूरों का अंग-अंग ढीला हो जाता है।

2. अगर - मगर करना (बहाने बनाना)
कक्षा में अध्यापिका द्वारा गृहकार्य माँगने पर कुछ विद्यार्थी अगर - मगर करने लगे।

3. अंधे की लकड़ी (एक मात्र सहारा)
रमेश अपने माता पिता के लिए अंधे की लकड़ी है।

4. अँगूठा दिखाना (काम से साफ़ इन्कार करना)
मैंने जब भी तुमसे सहायता माँगी, तुमने हमेशा अँगूठा दिखा दिया।

5. ईद का चाँद होना (बहुत दिनों के बाद दिखाई देना)
अरे मोहन, कहाँ रहते हो ? तुम तो ईद का चाँद हो गए हो।

__/__/____

Date-                                   Class - V
Subject- Hindi language                 Page- 3
Subject Teacher- Ms Roma Rani

6. कोल्हू का बैल होना ( बहुत अधिक मेहनत करना )
गाँव की स्त्रियाँ सारा दिन कोल्हू के बैल की तरह काम-काज में जुटी रहती हैं।

7. खून-पसीना एक करना ( कठिन परिश्रम करना )
किसान खेत में खून-पसीना एक करके अनाज उगाता है लेकिन फिर भी भूखा मरता है।

8. गले का हार ( बहुत प्यारा )
रोहन अपने अच्छे व्यवहार के कारण अपने माता पिता के गले का हार है।

9. गागर में सागर भरना ( कम शब्दों में बड़ी बात कहना ) बिहारी जी ने अपने दोहों में गागर में सागर भर दिया है।

10. घोड़े बेचकर सोना ( निश्चिंत होकर गहरी नींद सोना )
परीक्षा खत्म होने पर राकेश घोड़े बेचकर सो रहा है।

11. नौ-दो ग्यारह होना ( भाग जाना )
पुलिस को देखते ही चोर नौ-दो ग्यारह हो गया।

12. पहाड़ टूटना ( भारी मुसीबत आ जाना )
पिता जी की अचानक मृत्यु से किरण पर तो पहाड़ ही टूट पड़ा।

__/__/____

Date -                    Class - V
Subject- Hindi Language          Page- 4
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

13. हाथ - पाँव फूल जाना ( घबरा जाना )
परीक्षा में गणित का प्रश्नपत्र देखकर करुण के हाथ - पाँव फूल गए।

14. हवाई किले बनाना ( सपने देखते रहना ) केवल हवाई किले बनाने से सफलता नहीं मिलती, इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है।

15. दाँत खट्टे करना ( बुरी तरह हराना ) युद्ध में भारतीय सेना ने शत्रुओं के दाँत खट्टे कर दिए।

गृहकार्य :-

बच्चो ! आप इन 15 मुहावरों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे।

धन्यवाद !

Last page